## संक्षिप्त

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**टोंक।** पीपलू उपखण्ड में ईदुल अजहा (बकरा ईद) पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से झिराना थाना क्षेत्र की रानोली पुलिस चौकी तथा बरोनी थाना परिसर में अलग-अलग शांति समिति बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान रानोली चौकी पर हुई बैठक में झिराना थानाधिकारी हरिमन मीणा एवं पीपलू वृताधिकारी अरविंद कुमार रानोली नायब तहसीलदार राजेश चौधरी की मौजूदगी में सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी, आंगनबाडी कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने, आपसी भाईचारा बनाए रखने एवं अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। इसी क्रम में बरोनी थाना परिसर में भी थानाधिकारी बृजेंद्र सिंह राठौड वृताधिकारी अरविंद कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति बैठक हुई, जिसमें ईद के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द, साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, महिला एवं बाल अपराधों को लेकर चर्चा की गई।

### पर्यावरण बचाने का संदेश दिया

**टोंक।** वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरुवार को जिला खेल स्टेडियम टोंक में साइकिल रैली का आयोजन खेल विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान में बच्चों ने साइकिल रैली में उत्साह से भाग लेते हुए खेल स्टेडियम से गांधी पार्क तक साइकिल से रैली द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वंदे गंगा- जल संरक्षण जन अभियान के तहत आज जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, जलदाय विभाग द्वारा भामाशाहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा जल सेवा एवं जल परीक्षण अभियान किया जाएगा। इसी तरह विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मरों के आसपास साफ-सफाई, पुलिस द्वारा श्रमदान, स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जल संग्रहण संरचना से गाद निकालना, साफ-सफाई, श्रमदान एवं अन्य साफ-सफाई का कार्य किये जाएंगे।

### चोरी के 11 बकरा व बकरियां बरामद

**मालपुरा** (निस) टोडारायसिंह थाना पुलिस ने चोरी के मामले मे पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये चुराये गये 11 बकरे व बकरियां बरामद कर दो आरोपियो को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी हरिराम चौधरी के सुपरविजन मे गठित टीम को शातिर चोरो को गिरफ्तार करने मे मिली सफलता। थानाधिकारी ने बताया कि थाने मे दी रिपोर्ट पर मुखबीर की सुचना के आधार पर वांछित आरोपी हेमराज जगरवाल पुत्र लड्डूलाल खटीक उम्र 24 वर्ष निवासी खटीक मौहल्ला टोडारायसिंह व अजय कसोटिया पुत्र राजेन्द्र वाल्मिकी उम्र 22 साल निवासी पाटी रेगरान कस्बा टोडारायसिंह को गिरफ्तार कर उनकी बताई निशानदेही से चोरी किये गये कुल 11 बकरा-बकरी किये बरामद।

### प्रकृति संरक्षण का दिलाया संकल्प

**पावटा ।** गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस जैसे पुण्य अवसर पर जब संस्कृति और प्रकृति का संगम हो, तब कोई भी पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं रह जाती, वह जन चेतना का आंदोलन बन जाती है। इसी सोच को साकार रूप देते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से 5 जून से पूरे राजस्थान में "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" की शुरुआत की गई है। उपखंड पावटा में इस अभियान के अंतर्गत बाबा भूतनाथ जोहडा धाम स्थल पर मंदिर महंत जयरामदास के सान्निध्य में विधिवत पूजा-अर्चना और जन सहभागिता के साथ उपखंड स्तरीय कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम पावटा उपखंड अधिकारी, पावटा तहसीलदार, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में हुआ। यह अभियान 20 जून तक जिलेभर में जल संचयन, भूजल स्तर बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों का संचालन करेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूजल स्तर बढ़ाना, जल स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देना और आमजन में जल के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करना है। 5 से 20 जून तक जिलेभर में पौधरोपण, जल स्त्रोतों की सफाई, जल संवाद, जनजागरूकता रैलियां, नुक्कड नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान न केवल प्रशासनिक पहल है, बल्कि एक जन चेतना का उत्सव है, जो जल और जीवन की रक्षा का संदेश लेकर हर गांव, हर गली तक पहुंचेगा।

# 'केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य'

**टोंक ।** भारतीय जनता पार्टी के संकल्प से सिद्ध तक अभियान की कार्यशाला का आयोजन सांसद निवास बंबोर गेट जानकीबाई धर्मशाला टोंक पर किया गया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया।

कार्यशाला में पूर्व सांसद व कार्यक्रम संयोजक सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से आयोजित होने वाले संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी क्रम में देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार एक संकल्प के साथ सत्ता में आई थी, जो 2025 तक आते-आते सिद्ध होती नजर आ रही है। इसीलिए 11वीं वर्षगांठ को



टोंक में भारतीय जनता पार्टी के संकल्प से सिद्ध तक अभियान की कार्यशाला का आयोजन पूर्व सांसद सूखबीर सिंह जौनपुरिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

संकल्प से सिद्धि तक मनाने का फैसला किया है, उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और भारत के चौथी बड़ी अर्थव्यस्था बनने में इस सिद्धि को देखा जा सकता है।

इस दौरान निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि सरकार ने अपने सभी वादों को पूरा किया है, देश का हर व्यक्ति ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ सशक्त और समृद्धशाली भारत पर गर्व महसूस कर रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल, सत्यनारायण चौधरी, पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन, नरेश बंसल, कार्यक्रम सहसंयोजक प्रभु

- संकल्प से सिद्धी तक कार्यशाला सम्पन्न

बाडोलिया, विष्णु शर्मा, लोकेश गुप्ता, कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक संत कुमार जैन, शैलेन्द्र चौधरी, बनवारी लाल जाट, प्रधान काबरा, सहसंयोजक त्रिलोक चन्द जैन, महेंद्र सिरोठा, रतिराम पहाड़िया, राजेंद्र सैनी, हनुमान प्रसाद बैरवा, प्रताप सिंह राजावत, देवराज गुर्जर, सत्यनारायण चंदेल, पं. महावीर शर्मा, बेनी प्रसाद जैन, जिला परिषद सदस्य ममता जाट, संजय संघी,,मंडल अध्यक्ष धोलू गुर्जर, भगवान सैनी, विष्णु चांवला, ममता साहू, राधेश्याम चांवला, दशरथ भाटी, गोवर्धन जाट, पोखर लाल जाट, उत्तम शर्मा, राकेश ओसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## गरीब किसान के बेटे ने लोकसभा में रिपोर्टर बन मान बढ़ाया

**कोटपूतली ।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के कोटपूतली के लाल कोठी स्थित न्यू स्टेनो इण्डिया स्टेनो ग्राफर इन्सटीट्यूट के छात्र निकटवर्ती ग्राम फतेहपुरा कला निवासी गरीब किसान के बेटे राहुल यादव पुत्र अमीपाल यादव ने ना केवल विषम परिस्थितियों में पढाई कर तैयारी की बल्कि यह साबित कर दिखाया कि परिस्थितियां कैसी भी हो प्रतिभा व पानी आखिर अपना रास्ता तय कर ही लेता है। राहुल यादव ने फरवरी 2020 में बिहार विधानसभा में बतौर प्रतिवेदक पद पर आसीन होकर परिवार संस्था व क्षेत्र का नाम रोशन किया था। वहीं हाल ही में लोकसभा में संसदीय रिपोर्टर ग्रुप ए

- पूर्व में बिहार विधानसभा में रिपोर्टर पद पर था कार्यरत

ऑफिसर के पद पर चयनित होकर पदभार ग्रहण किया है। एक सामान्य परिवार से आने वाले राहुल की माता सरोज देवी ग्रहणी है। राहुल ने अपनी अपार सफलता का श्रेय अपनी माता सरोज देवी पिता अमीपाल यादव व अपने मार्गदर्शक व गुरू न्यू स्टेनों इण्डिया के संचालक वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा व मोहम्मद रसीद खान को दिया है।

## सीएलजी की बैठक आयोजित

**निवाई।** पुलिस थाना परिसर में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान थानाधिकारी रामजीलाल ने सभी सीएलजी सदस्यों से ईद के त्यौहार को अमन चैन व भाई चारे के साथ मनाने की अपील की। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने कहा कि सभी सदस्य फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप पर किसी भी तरह का कोई भी गलत मैसेज या फोटो शेयर नहीं करें। उन्होंने कहा कि पिछले चार माह में शहर में चोरियों का ग्राफ नीचे गिरा है। प्रशासन द्वारा चारों ओर नाकाबंदी करवाई गई है। फिर भी कुछ छोटे रास्तों द्वारा शहर

- पुलिस थाना परिसर में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक

में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

चोरी की वारदातों को रोकने के लिए पुलिस के जवान लगातार गश्त कर रहे हैं। शहर में पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा करने के लिए पुलिस लगातार कोशिश में लगी हुई है। इसमें शहर वासियों का भी सहयोग रहना चाहिए। इसके लिए कोई भी घर को छोडक़र किसी भी समारोह में जाना पड़े तो अपने पड़ौसी या किसी संबंधी को मकान में रात्रि विश्राम के लिए कह कर जाएं। इसके साथ ही कालोनियों में सीसी टीवी कैमरे लगवाएं जिससे संदिग्ध व्यक्ति कॉलोनी या मोहल्ले में आने पर कैमरे की नजर में आ जाए। बैठक में चेतन गंगवाल, राहुल जायसवाल, पार्षद इमरान कुरेशी, बुद्धि प्रकाश खांडल, मनोज पाटनी, राजू मालावत, इरशाद कुरैशी, सुरेश पारीक, सुरेश स्वामी, गौरव जैन, पवन सांवलिया, पूरनसिंह चौहान, हनुमान चौधरी व हितेश चौहान सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी अन्नपूर्णा रसोईयों का निरीक्षण

**कोटपूतली।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक व सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार आगामी 07 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार से पाँच दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा द्वारा कोटपूतली एवं बानूसर में श्री अन्नपुर्णा रसोईयों का निरीक्षण किया गया एवं आटा व दाल के नमूने लिये गये।

साथ ही बानूसर के उप जिला चिकित्सालय में कैन्टिन का निरीक्षण कर दूध का सैम्पल लिया गया एवं कोटपूतली के बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय की कैन्टिन से फ्रुट बेवरेज का नमूना लेकर जाँच प्रयोगशाला में

- खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कोटपूतली एवं बानूसर में आटा व दाल के नमूने भी लिए

भिजवाया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि निरामय राजस्थान अभियान के तहत सुरक्षित व स्वच्छ आहार को बढ़ावा देने के लिये अभियान शुरू किया गया है।

सुरक्षित व स्वच्छ आहार ना केवल बीमारियों से बचाता है बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है। पौष्टिक आहार की अवधारणा में जंक फूड के स्थान पर श्री अन्न को शामिल करने एवं मोटे अनाज को भोजन में बढ़ावा देने के लिये अभियान के तहत आमजन को प्रेरित किया जायेगा। साथ ही मिलावटी एवं खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थो का सेवन करने से स्वास्थ्य पर पडने वाले गंभीर प्रभाव, खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करना प्रत्येक व्यापारी की जिम्मेदारी, बाजार में खाद्य उत्पाद खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट की जाँच के लिये आमजन को जागरूक किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया की निरीक्षण के दौरान श्री अन्नपूर्णा रसोई एवं कैन्टिनों को फूड लाईसेन्स डिस्पले करने, खाद्य पदार्थो के रखरखाव एवं साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये।

## निवाई में रामचरितमानस पठन की पूर्णाहुति

**निवाई।** श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में स्थित श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा के दो दिवसीय पाटोत्सव का गुरुवार को समापन हुआ। श्री गौरी शंकर महादेव मंदिर विकास समिति ट्रस्ट के सुरेंद्र कुमार दाधीच नला ने बताया कि हनुमान जी महाराज की मूर्ति के पाटोत्सव का बुधवार की सुबह शुभारंभ हुआ था। इसको लेकर श्री रामचरितमानस के अखंड पठन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

उन्होंने बताया कि विद्वान पंडितों पं. बजरंगलाल शर्मा, पं.राजू तिवाडी, दीपक गुडे, पं. सत्य प्रकाश शर्मा व पं. सुरेंद्र शर्मा के सानिध्य में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सुबह मंत्रोचार के साथ गणेश जी, मातृका, कलश, शिव पंचायत, गोपाल जी महाराज व सीताराम जी का विधि विधान से पूजन करके आरती की। इसके बाद व्यास पीठ

- हनुमान जी महाराज की मूर्ति के पाटोत्सव पर बुधवार सुबह शुभारंभ हुआ था

से श्री रामचरितमानस के अखंड पठन शुरू हुए जिनकी गुरुवार की सुबह पूर्णाहुति हुई। पूर्णाहुति के अवसर पर हनुमान जी की मूर्ति की झांकी सजाई गई। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात् भगवान के भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश विजय, अनिल श्रीमाल, गजानन्द खण्डेलवाल, विमल सिंहल, राकेश शेखाट्यया, सुभाष इटावा, राजेंद्र बौंली, हनुमान प्रसाद श्रीमाल, कालू माली व नानगराम माली सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## विराटनगर में जल संरक्षण अभियान शुरु

**पावटा।** गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के पावन संयोग पर गुरूवार को विराटनगर उपखंड के ग्राम बियावास भीलवाडी में विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान की अध्यक्षता में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से शुरू हुए इस जन आंदोलन का उद्देश्य जल संरक्षण, भूजल स्तर वृद्धि और पर्यावरण सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाना है।

कार्यक्रम का आयोजन कलश यात्रा और पौधरोपण जैसे पारंपरिक व पर्यावरणीय आयोजनों के साथ हुआ। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सहभागिता की। ग्राम बियावास के चारागाह में जोहड खुदाई लोकार्पण कार्य जल पूजन हेतु महिलाओं द्वारा 51 कलश की यात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान निकाली गई। इस दौरान कलश जल का जोहड़ में विसर्जन किया गया। चारागाह में सभी ब्लॉक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण किया गया व तुलसी, आंवला, नीम, पीपल सहित अन्य औषधीय व छायादार पौधे वितरण किए गए।

## अवैध खनन पर अंकुश लगाने की मांग

**कोटपूतली।** अवैध खनन का नाप जोखकर पैनल्टी कायम करने सहित अवैध खनन पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर के ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास की अगुवाई में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचकर धरना दिया।

जिस पर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने एसडीएम बृजेश चौधरी, एएमई पुष्पेन्द्र जोधा व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक को मौके पर बुलाया और ग्रामीणों की सुनवाई करने के निर्देश दिये। इस दौरान धरनार्थियों को मिटिग हॉल में बैठाकर सुनवाई की गई।

तीनों अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि पवाना अहीर में सुर्यास्त व सुर्योदय तक खनन कार्य पर पूर्णतया रोक की पालना कराई जायेगी, यदि उल्लंघन किया गया तो खनन पट्टों को निरस्त कराने की कार्यवाही की जायेगी। एएमई पुष्पेन्द्र जोधा ने अवैध खनन की पैनल्टी कायम करने का ठोस आश्वासन दिया। डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक ने ग्रामीणों की परेशानियों को वाजिब मानते हुये दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना स्थगित करते हुये कहा कि यदि अब भी हमारी मांगों पर अमल नहीं हुआ तो फिर से धरना शुरू किया जायेगा। इस दौरान अमीचंद यादव, मूलचंद पंच, दीना सिंह, ग्यारसी लाल आर्य, रोहिताश यादव, हव. मन्नालाल यादव, लालचंद यादव, नंदाराम यादव, सतपाल यादव समेत बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंडी पल्लेदारों ने गौसेवार्थ 1 लाख 21 हजार रूपये की सहयोग राशि दी

मालपुरा (निस) शहर के घाटी रोड घाणा के बालाजी के पास संचालित श्री रामनारायण गौशाला एवं निराश्रित गो-चिकित्सालय में पल रही गौमाता की सेवा के लिये लगे गोसेवकों की सेवा व समर्पण भाव को देखते हुये मालपुरा कृषि उपज मंडी पल्लेदार संघ ने गुरूवार को गौशाला पहुंच स्वप्रेरणा से जुटाई गई 1 लाख 21 हजार रूपये की राशि गौसेवा के लिये समर्पण कर आमजन को गौसेवा के लिये किया प्रेरित। पल्लेदार संघ के सदस्यो ने बताया कि रामनारायण गौशाला एवं गो-चिकित्सालय मे निस्वार्थ भाव से गौसेवा मे जुटे गौभक्तो द्वारा 5० किलोमिटर के दायरे मे दुर्घटना ग्रस्त व निराश्रित बिमार गौवंश की सुचना मिलते ही गौसेवको की टीम तत्काल मौके पर पहुंच असहनीय पीडा से संघर्ष



कृषि मंडी पल्लेदार संघ ने निराश्रित गौमाता की सेवा के लिये 1 लाख 21 हजार रूपये की राशि समर्पित की।

कर रही गौमाता व गौवंश को मौके पर ही प्राथमिक उपचार देने के साथ-साथ जटिल बिमारी से ग्रसित व गंभीर घायल गौवंश को गौ-चिकित्सालय लाकर अपनी मां के समान सेवा कर उसके प्राण बचाने का पूनित कार्य रमनारायण गौशाला मे किया जा रहा है। ऐसे पूनित कार्य से प्रेरित होकर ही पल्लेदार संघ ने यह राशि एकत्रित कर आज गौशाला

- मालपुरा कृषि उपज मंडी पल्लेदार संघ ने गौशाला पहुंच गो सेवा के लिए सहायता राशि दी

समिति को गौसेवा के लिये समर्पण की गई है। गो चिकित्सालय की सुचारू सेवाओं के संचालन के लिये परिसर मे नवीन टीनशेड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी आमजन भी अपनी कमाई मे से कुछ हिस्सा गौसेवा के लिये समर्पित करे। संसार मे गौसेवा के लिये गौ-दान से बढकर कोई दुसरी सेवा व दान नही है। गौशाला समिति व सेवा भारती पदाधिकारियो की और से पल्लेदारो को दुपट्टा पहना गौमाता का छाया चित्र भेंट किया गया।

## सार-समाचार

### नकबजनी के दो आरोपी गिरफ्तार




**टोंक।** डिग्गी थाना क्षेत्र में गत 29 मई कों 17 लाख रुपयों के चने के 425 कट्टे गबन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि थाने की गठित टीम ने कई जगहो के सीसीटीवी कैमरे खंगालने तथा मुखबिर की सूचना पर टीम जयपुर-दिल्ली हाईवे नंबर 8 पर थाना भागपुरा इलाके में पहुंची, जहां गबन किये गये चने के कट्टे की गाडी खडी मिली। इस दौरान आरोपी राजेश पुत्र कालू स्वामी निवासीढाणी राजनोता, थाना भागपुरा, जिला कोटपूतली को गाडी से डिटेन किया गया तथा पूछताछ में उसने चने चोरी करना स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर थाना भागपुरा से गाड़ी और सरना रोड ग्राम लालचंदपुरा में बनी दुकान (गोदाम) से 425 कट्टे चने बरामद किए गए, जिनकी कीमत 17 लाख रुपए बताई गई है, मामले की जांच जारी है। इसी प्रकार डिग्गी थाना टीम ने नकबजनी के आरोप में वांछित आरोपी नाथू उर्फ मदन बावरिया पुत्र हनुमान उर्फ बन्नया जाति बावरी उम्र 30 साल निवासी बागरियो की ढाणी, थाना मौखमपुरा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसे आज न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली

**सांभरझील,** (निसं)। यहां अनेक शिक्षाविदों व पर्यावरण प्रेमियों के सानिध्य में सैकडो विद्यार्थियों ने सांभर में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जागरूकता रैली निकालकर आमजन से इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आ ान किया। अंबेडकर चेतना समिति की ओर से इस मौके पर निबंध प्रतियोगिता व सेमीनार का आयोजन किया। अनेक बुद्धिजीवियों ने अपने विचार व्यक्त कर इस दिशा में लोगों से पहल किए जाने की अपेक्षा की। इस अवसर पर पौधारोपण भी कर उसकी सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया। आमजन से अपील भी की गई कि वे घरेलू सामान कपडे के थैले में लेकर जाए क्योंकि पॉलिथीन थेलियां पर्यावरण के लिए भयंकर खतरा है। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अंजू वर्मा, दरबार स्कूल के प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार, अध्यक्ष बालकिशन जांगिड़, अंबेडकर चेतना समिति की मुख्य संरक्षा के प्रोफेसर ज्ञानप्रकाश दायमा, अध्यक्ष विनोद दुलारिया, तालुका विधिक सेवा समिति के लिगल एड अस्सिटेंट चान्दमल सांभरिया सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

### टीलावत ने कार्य ग्रहण किया

**पावटा।** निदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग बीकानेर द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु ब्लॉक पावटा में गजानन्द टीलावत को ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के रूप में नियुक्त किया गया। कार्य ग्रहण के समय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मवीर जिंदोलिया, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र कसाना, आरपी रमन सैनी व रेखा यादव, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, चेतन शर्मा, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला मंत्री अनिल शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सोमेश सैनी,जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बुनकर, उपशाखा अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत,वरिष्ठ कार्यकर्ता बजरंग सिंह राजपूत, बलदेव शर्मा, चिरंजीलाल गुर्जर, डॉ मनोज शर्मा, लक्ष्मण सिंह शेखावत, घनश्याम बिहारी शर्मा, धीरज वशिष्ठ,सुन्दर लाल मांडैया, राहुल शर्मा, रमेश चंद्र टीलावत, ग्यारसी लाल टीलावत, भीम सिंह शेखावत, पुरुषोत्तम भारद्वाज, रामवीर मीणा, विष्णु कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मोहनलाल सैनी, सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रुद्रचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति

**निवाई।** महामंडलेश्वर स्वामी भजनानंद गिरी सन्यास आश्रम काला भाटा निवाई में स्वामी कर्मानंद गिरी महाराज के सानिध्य में चल रहे नव दिवसीय 51 कुंडात्मक श्रीरूद्र चंडी महायज्ञ की गुरुवार को पूर्णाहुति हुई।इस अवसर पर महाराजश्री ने कहा कि यज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह एक प्रक्रिया है जिससे ब्रह्मांड में संतुलन और सामंजस्य बनाए रखने में मदद मिलती है। आश्रम सेवा समिति ने बताया कि यज्ञ में अनेक संत महात्माओं, ब्राह्मण एवं हजारों की संख्या में भक्त जनों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया है। यज्ञ पूर्णाहुति के बाद यज्ञ भगवान की महाआरती की गई जिसमें हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महा आरती के बाद आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर महा प्रसादी ग्रहण की।

### दो छात्रों का हाईकोर्ट में चयन

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के कोटपूतली के लाल कोठी स्थित न्यू स्टेनो इण्डिया स्टेनो ग्राफर इन्सटीट्यूट के छात्र निकटवर्ती बहरोड़ तहसील के ग्राम गंडाला निवासी निखिल कुमार पुत्र रतन सिंह (एएसआई) ने हाल ही में हुई राजस्थान हाईकोर्ट स्टेनों ग्राफर भर्ती परिक्षा में सम्पूर्ण राजस्थान में 10वीं रैंक हांसिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वहीं पावटा तहसील निवासी सामान्य परिवार के छात्र अमित कुमार चौहान पुत्र बद्री प्रसाद चौहान ने एससी में 4वीं रैंक हांसिल कर ना केवल क्षेत्र का मान बढ़ाया है बल्कि संस्था का भी नाम रोशन किया है। स्टेनों ग्राफर भर्ती परिक्षा में पास हुए दोनों छात्र हाईकोर्ट में न्यायाधीश के पीए के पद पर चयनित हुए है। छात्रों के चयन के बाद क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरूजनों को दिया है।

### जल संरक्षण जन अभियान शुरु

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के गांव रजवास में गुरुवार को वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान की शुरुआत की गई। ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार परिडवाल ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को लेकर धूली नाडी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सिर पर कलश रखकर जल संरक्षण करने का आ ान किया। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम जाट, उप प्रशासक अर्जुनलाल जाट, कनिष्ठ सहायक नन्दकिशोर बैरवा, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष विमलादेवी बैरवा, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, आशादेवी रैगर, मीरादेवी मीणा, चंद्रकला चौधरी, लाइनमैन,पशुधन सहायक सहित अनेक महिला व पुरुष मौजूद थे।

### अभियान का द्वितीय चरण शुरू

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में बहुउद्देशीय मुद्दों को लेकर महासभा आपके द्वार अभियान का द्वितीय चरण तहसील दूनी के गांव ख्वासपुरा सें शुभारम्भ हुआ। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने बताया कि महासभा आपके द्वार अभियान का द्वितीय चरण को लेकर 9 जून तक तहसील दूनी, नगरफोर्ट एवं उनियारा तहसील के करीब 28 गाँवों में महासभा टीम द्वारा सामाजिक कुरुतियों को समाप्त करने एवं विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें कई प्रदेश एवं जिला कार्यकारणी के सदस्य भाग लेंगे।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा** (निस) डिग्गी थाना अधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि डिग्गी थाने मे दर्ज नगबजनी के मामले मे फरार चल रहै वांछित आरोपी नाथु उर्फ मदन बावरिया पुत्र हनुमान उर्फ बन्ना बावरी निवासी बागरियो की ढाणी तन महला थाना मौखमपुरा जयपुर ग्रामीण को बुधवार की देर शाम गिरफ्तार कर गुरूवार को न्यायालय मे पेश किया जहां से आरोपी को न्यायालय ने पुलिस रिमांड पर भेजा।